कलेक्ट्रेट पर किया जोरदार विरोध-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

रायला में रेलवे की मनमानी के खिलाफ ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

भीलवाड़ा (प्रात:काल संवाददाता)। रायला क्षेत्र में रेलवे प्रशासन द्वारा आबादी क्षेत्र में दीवार बनाकर आम रास्तों को बंद करने के विरोध में आज बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रवासी कलेक्ट्रेट पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में उग्र प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे विभाग असंवैधानिक तरीके से दीवार खड़ी कर सार्वजनिक रास्तों को बंद कर रहा है, जिससे खेड़ा रायला की लगभग पांच की आबादी का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

ज्ञापन के जरिए बताई परेशानी

नजरबंद और जेल जैसे हालात: ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे अधिकारियों की धौंस, रेलवे पुलिस द्वारा झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकियों और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण 5000 लोगों की आबादी 'नजरबंद और जेल जैसी स्थिति' में जीने को मजबूर है। सार्वजनिक भूमि और रास्तों पर कब्जा: अजमेर-चित्तौड़गढ़ दोहरीकरण परियोजना के तहत रायला राजस्व क्षेत्र की सार्वजनिक भूमि व रास्तों (आराजी नंबर 646, 643, 644, 345, 730, 739, 770, 1117, 1087, 1088, 1089, 1254, 1258 व 1259) पर असंवैधानिक तरीके से दीवार बनाकर कब्जे की कार्रवाई की जा रही है। दीवार बनने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे, मजदूर, अस्पताल जाने वाले मरीज व प्रसूता महिलाएं जान जोखिम में डालकर एक-दूसरे की छतों, खेतों और कंटीली झाड़ियों से होकर गुजरने को मजबूर हैं। इतना ही नहीं, रास्ता बंद होने से इलाके में पीने के पानी के टैंकर भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने समय-समय पर सांसद, विधायक, रेलवे के उच्च अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन आज तक जनहित में कोई निर्णय नहीं लिया गया।



भींडर रेलवे स्टेशन को एनएसजी-5 श्रेणी में उन्नत करने की उठी मांग

पूर्व विधायक भींडर ने केन्द्रीय रेल मंत्री वैष्णव को भेजा ज्ञापन



भीण्डर (प्रात:काल संवाददाता)। भीण्डर रेलवे स्टेशन को वर्तमान एचजी-3 श्रेणी से उन्नत कर एनएसजी-5 श्रेणी में शामिल करने तथा स्टेशन का समग्र विकास किए जाने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में भाजपा नेता एवं वल्लभनगर के पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को विस्तृत ज्ञापन भेजकर भीण्डर रेलवे स्टेशन के पुनर्मूल्यांकन एवं उच्च श्रेणी में उन्नयन की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि भीण्डर नगर पालिका एवं उपखण्ड मुख्यालय होने के साथ-साथ दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख प्रशासनिक, व्यापारिक एवं कृषि केन्द्र है। भीण्डर उपखण्ड एवं आसपास के करीब 2 से 4 लाख नागरिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस रेलवे स्टेशन पर निर्भर हैं। नगर में कृषि उपज मण्डी, थोक व्यापारिक प्रतिष्ठान, खाद्य तेल कंपनियों के डिपो, क्रेशर उद्योग, बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान, जिला चिकित्सालय, विभिन्न सरकारी कार्यालय तथा अनेक शिक्षण संस्थान संचालित हैं, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मावली-बड़ीसादड़ी रेलखंड के मध्य भीण्डर सबसे महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय नगर है। इसके बावजूद स्टेशन अभी भी एचजी-3 श्रेणी में है, जबकि क्षेत्रीय महत्व, यात्री उपयोग और भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए इसे उच्च श्रेणी में शामिल किया जाना आवश्यक है। साथ ही स्टेशन के वास्तविक यात्री भार एवं आय का पुनर्मूल्यांकन कर एनएसजी-5 श्रेणी प्रदान करने की मांग भी की गई है।

पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने ज्ञापन में कहा कि प्रस्तावित नीमच-मावली रेल लाइन के पूर्ण होने के बाद भीण्डर राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क केन्द्र के रूप में विकसित होगा। इससे यात्री संख्या, कृषि उपज के परिवहन, व्यापारिक गतिविधियों और माल ढुलाई में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने रेल मंत्री से भीण्डर रेलवे स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेनों का नियमित एवं पर्याप्त समय तक ठहराव सुनिश्चित करने, स्टेशन पर आधुनिक यात्री सुविधाओं का विस्तार, फुटओवर ब्रिज, विस्तृत प्लेटफॉर्म, पार्किंग, आरक्षण केन्द्र, प्रतीक्षालय, मालगोदाम एवं पार्सल सुविधाओं के विकास की भी मांग की है।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given to the public that gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank Ltd. against various loan accounts and remaining overdue/ unredeemed despite repeated notices will be auctioned for recovery of the Bank's dues, in accordance with applicable banking regulations and policies.

DETAILS OF AUCTION

Mode of Auction: Off-line (Physical Auction through Branches)	
Date of Auction: 03-09-2026	**Time:** 11:00 AM to 01:00 PM
Auction Venues: The auction will be conducted at the following ESAF Small Finance Bank branches in **Rajasthan**	
Interested bidders are requested to visit the respective branches for participation. For detailed branch addresses and contact numbers, please visit the Bank's official website	

BRANCH NAME - LOAN ACCOUNT NUMBER

Jaipur: 63260000322054, **Udaipur - Rajasthan**: 63260000052051, 0295533.

Important Instructions: Borrowers may redeem their pledged gold ornaments by clearing the total dues along with applicable charges at least two days prior to the auction date. Interested bidders must carry valid KYC documents. GST Registration Number is mandatory for firms/companies, wherever applicable. Bidders are required to deposit an Earnest Money Deposit (EMD) of Rs.2,500 before participating in the auction. The auction will be conducted on an **"as is where is"** and **"as is what is"** basis. The Bank reserves the right to cancel/postpone the auction or reject any bid without assigning any reason. Participation in the auction shall be deemed acceptance of all terms and conditions of the Bank. The Minimum Reserve Price will be fixed by bank on the basis of IBJA Rate as applicable on the basis of purity of Gold.

Place: **Thrissur**
Date: **31-07-2026**

(Sd/-) Authorized Signatory
ESAF Small Finance Bank Ltd.

ऋषभदेव में लगातार हो रही चोरियों की रोकथाम को लेकर दिया ज्ञापन

खेरवाड़ा (प्रात:काल संवाददाता)। विप्र सेना शाखा ऋषभदेव के नेतृत्व में डिप्टी ऑफिस ऋषभदेव में लगातार हो रही चोरियों की रोकथाम एवं कड़ी कार्यवाही के लिए ज्ञापन दिया गया। इसी संदर्भ में एक विकलांग व्यक्ति आत्माराम तिवारी की बाइक करीब सप्ताह भर पहले चोरी हुई थी जिसकी बरामदगी अब तक नहीं हो पाई है। उक्त घटना में कार्रवाई के लिए मांग की गई। इसमें अब तक हुई कार्यवाही को लेकर जानकारी ली गई तो पुलिस प्रशासन की तरफ से बताया गया कि इस संदर्भ में एक विशेष कमेटी गठित कर दी गई है और अतिशीघ्र चोरों को पकड़ लिया जाएगा। इस दौरान आत्माराम तिवारी, विप्र सेना के वरिष्ठ संरक्षक एडवोकेट जगदीश शर्मा, देहात जिला प्रभारी हिमांशु व्यास, देहात जिलाध्यक्ष प्रियंक व्यास, वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष राकेश पंड्या, नगर उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, हर्ष शर्मा,राजेश जी व्यास, महिला मोर्चा से जशोदा रावल सहित शक्ति पंचाल, राहुल भोई आदि उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नाथद्वारा (प्रात:काल संवाददाता)। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने सफाई कर्मचारी भर्ती में 100 प्रतिशत वाल्मीकि समाज को शामिल करने को लेकर लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम के ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया किराजस्थान सरकार द्वारा जो सफ़ाई कर्मचारी भर्ती की विज्ञप्ति जारी की गई हैं वह वाल्मीकि समाज के साथ एक धोखा प्रतित होती है। विज्ञप्ति में कर्मचारियों की भर्ती संविदा कर्मी के रूप में की जाएगी एव उनका मासिक वेतन मात्र 7,400 रूपए होगा। इसमें संविदा कर्मी को कितने समय बाद स्थाई नियुक्ति मिलेगी इसका कोई प्रमाण नहीं दिया गया साथ ही यह लगता है कि राजस्थान सरकार भी गुजरात और मध्यप्रदेश की तर्ज पर सफ़ाई कर्मी की भर्ती को मात्र संविदा कर्मी के रूप में करना चाहती हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि इस विज्ञप्ति में जल्द से जल्द उचित संशोधन कर वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देते हुए संविदा कर्मी के रूप में कर्मचारियों की नियुक्ति ना कर के स्थाई सफ़ाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए जिससे वाल्मीकि समाज और सफ़ाई कर्मचारियों को बेरोजगारी से राहत मिलेगी। सरकार से हमारी अपेक्षा है की आप हमारी पीड़ा को समझ कर विज्ञप्ति में जल्द से जल्द संशोधन करें ताकि हमे आंदोलन व हड़ताल का मार्ग प्रशस्त न करना पड़े। सरकार द्वारा समय पर सफाई कर्मचारी भर्ती में संशोधन नहीं किया जाता है तो उदयपुर संभाग की समस्त नगर पालिका, परिषद और नगर निगम आंदोलन का मार्ग अपनायेगी जिसकी समस्त ज़िम्मेदारी और जवाबदेही सरकार व प्रशासन की होगी।

घर में तोड़फोड़ के आरोप में तीन गिरफ्तार

बांसवाड़ा (प्रात:काल संवाददाता)। जिले की सज्जनगढ़ थाना पुलिस ने शंकरवाड़ा में घर में तोड़फोड़ करने के आरोप में तीन को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी धनपत सिंह ने बताया कि 27 जुलाई को प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र आरोपी बादर की लड़की लेकर भाग गया है जिस कारण सभी आरोपी योजनाबद्ध तरीके से हाथों में लट्ठ व पत्थर लेकर उसके घर पर आये तथा अनाधिकृत रूप से घर में प्रवेश कर लट्ठ से मारपीट की एवं मकान में तोड़ फोड़ कर घर में खाने-पीने का सामान बिखेर डाला एवं उसके भाई लालसेंग पुत्र मणिया के घर में भी तोड़-फोड़कर पतरे व कवेलुपोश मकान और माताजी मंदिर में तोड़-फोड़ कर लगभग 50 हजार रूपये का नुकसान किया वहीं आरोपी जान से मारने एवं मकान जलाने की भी धमकियां दे रहे हैं जिससे जान-माल का खतरा बना हुआ है। जिस पर पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह भाटी के सुपरविजन एवं पुलिस उप अधीक्षक महीपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस थाना सज्जनगढ़ की टीम गठित की गयी। थानाधिकारी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अनुसंधान कर 3 मुख्य अभियुक्तों करण पुत्र बादर, रविन्द्र पुत्र हिरालाल व ललित पुत्र दिवान कटारा निवासियान शक्करवाड़ा को गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में पेश कर कुशलगढ़ जेल में भेजा। पुलिस टीम में थानाधिकारी धनपत सिंह, सहायक उपनिरीक्षक हंसमुखलाल, कांस्टेबल बलवंत, आशीर्वाद, बापुलाल व चालक कांस्टेबल महेश शामिल रहे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.08.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चित्तौडगढ़, बापू नगर चित्तौडगढ़, 0116670700021637, 2047, 3066, 3222, 3295, 3355, 3369, 3739, 3782, 3843, 3918, 3945, 3957, 3968, 4186, 4340, 4349, 4608, 4630, 4752, 4801, 4947, 4981, 5013, 5088, 5172, 5392, 5400, 5413, 5419, 6395, 0116670730039414, 0602, 2630, 2644, 3053, 3390, 5238, 0087, मीरा नगर चित्तौडगढ़, 0124830700019639, 0487, 0668, 0991, 1126, 1147, 1161, 1422, 1901, 2001, 2176, 0124830730033861, 5604, 5827, 6003, 8139, 3999, 4003, 4004, राजसमंद, कांक्रोली, 0135730700012977, 4038, 4221, 4437, 5529, 5608, 5889, 6055, 6961, 0135730730044244, 7721, 8652, 8653, 8654, 9086, 1573, 6618, 6624, 6625, 6630, न्यू रोड नाथद्वारा, 0138020700004208, 4251, 4434, 5091, 5164, 5307, 5336, 5343, 5397, 5408, 0138020730020290, 0291, 1627, 1891, 2179, 2357, 2782, 5546, राजसमंद, 0137900700003852, 4114, 4800, 4836, 5083, 5089, 5117, 0137900730018637, 9603, 9604, 0206, 0400, 0614, 1556, 5828, 5831, 5832, उदयपुर, हिरान मंगरी उदयपुर, 0113790700030427, 0582, 0816, 0851, 0885, 1061, 1094, 1464, 1836, 3240, 0113790730038885, 1464, 1783, 1806, 1821, 3806, 4645, 4646, 4814, 1484, 1490, 1491, केशव नगर चौराहा, 0126580700021073, 2000, 2045, 2099, 2351, 0126580730020582, 1437, 2477, 3283, 8773, 8777, 8779, 8780, 8781, 8791, प्रताप नगर उदयपुर, 0114260700024089, 4242, 4391, 4614, 4853, 4918, 5065, 5092, 5262, 5295, 5324, 5332, 5388, 5584, 5607, 6463, 0114260730016772, 6835, 8580, 8887, 9365, 9407, 9426, 9522, 9524, 3720, 3722, 3723, 3724, 3726, 3727, 3728, 3729, 3733, तोरण बावड़ी उदयपुर, 0113780700025352, 6037, 6358, 6688, 6764, 7283, 7312, 7335, 7347, 0113780730023303, 4936, 5518, 6934, 7367, 2923, 2926, 2931, 2939, 0082,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

शिरोमणि संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता दीपदान कार्यक्रम



चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल अध्यक्ष गौरव त्यागी के नेतृत्व में भक्त शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर समरसता दीप अभियान के अंतर्गत गुरुवार शाम दुर्ग स्थित मीरा मंदिर परिसर में संत गुरु रविदास महाराज की चरण पादुका छत्री पर दीपदान व पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजन माली ने बताया कि संत गुरु रविदास के समरसता, समानता और मानव सेवा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संत रविदास महाराज की चरण पादुका छत्री को फूलों एवं दीपों से सजाया गया एवं सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किए जिससे मीरा मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियो ने गुरु रविदास महाराज के जयघोष कर याद किया। इस अवसर पर हर्षवर्धन सिंह, सागर सोनी, सुरेश झंवर, अनिल ईनाणी, भरत जागेटिया, हरीश ईनाणी, शैलेंद्र झंवर, चन्द्र शेखर सोनी, आशीष सिकलीगर, मनोज पारीक, संजू लड्ढा, नंद किशोर लौहार, दिनेश चतुर्वेदी, ओमप्रकाश शर्मा, प्रशांत शर्मा अभिमन्यु समदानी, दीपक पटवारी, तारावती धाकड़, मंजू पितलिया, कमलेश आमेरिया, विष्णु सेन, गोपाल शर्मा, जगपाल सिंह, चंचल महात्मा, भगवती सालवी, दीपक राजोरा, कांति लाल जैन, फ्ताह लाल भड़कत्या, प्रिंस शर्मा, घनश्याम भांड, शुभम सुखवाल, अविनाश शर्मा, बसंती लाल सेन, अली असगर बोहरा, नीलेश नीलमणि, राजकुमार तोलंबिया आदि अपस्थित रहे।

कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह



चित्तौड़गढ़ (प्रात:काल संवाददाता)। जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह अल्पसंख्यक विभाग प्रदेशाध्यक्ष एमडी चौपदार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व संसदीय सचिव राजेन्द्र बिधूड़ी, प्रकाश चौधरी, ललित बोरीवाल थे।

इस दौरान संभाग प्रभारी नजमा मेवाफ्रोश, प्रभारी शबनम डायर, प्रदेश जनरल सेक्रेटरी रानू अजमल आदि मंचासीन रहे। मंच संचालन डॉ. गोपाल सालवी, संजय राव ने किया। अतिथियों द्वारा नवनियुक्ति पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र व आईडी कार्ड प्रदान कर शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लौहार व जिला कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष चौपदार का उपरना ओढ़ा कर, मेवाड़ी पगड़ी पहना कर स्वागत कर दुर्ग की छवि स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की। इसके साथ ही प्रदेश पदाधिकारियों का भी स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्वधर्म समभाव और भाईचारे की प्रतीक है। अल्पसंख्यक समुदाय की सभी जातियों के उत्थान, शिक्षा, रोजगार और सम्मान के लिए पार्टी हमेशा आगे खड़ी रहेगी। मोहसीन खान, नवाब खान, फरूख नीलगर, तनवीर खान ने सहयोग दिया। रफीक खान ने सभी का आभार जताया।

टाइगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड
TYGER HOME FINANCE
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट नंबर 609 और 610, छठी मंजिल, मैजेस्टिक, लॉ गार्डन के पास, पंचवटी रोड, एलिसब्रिज, अहमदाबाद, गुजरात- 380 006
कॉर्पोरेट कार्यालय : वन बीकेसी, सी-विंग, 1004/5, 10वीं मंजिल, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 महाराष्ट्र, भारत **CIN : U65999GJ2017PTC098960, Website : www.tygerhomefinance.in**

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना

आप, नीचे बताए गए उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर, ने **टाइगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड** (जिसे पहले मैसर्स अडानी हाउसिंग फायनेन्स प्रा. लि.) के नाम से जाना जाता था- कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा 6 जून 2024 को जारी निगमन प्रमाण पत्र के अनुसार; जिसे अब 'टीएचएफपीएल' कहा जाएगा) से अपनी अचल संपत्तियों (प्रतिभूतियों) को गिरवी रखकर ऋण सुविधाएँ(ओं) प्राप्त की हैं। आपके द्वारा चूक किए जाने के परिणामस्वरूप, आपके ऋणों को गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया। बकाया राशि की वसूली के लिए, **टाइगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड** ने 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत एक मांग नोटिस जारी किया है; इस नोटिस की सामग्री को, अधिनियम की धारा 13(2) के साथ-साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधानों के अनुसार, यहाँ प्रकाशित किया जा रहा है।

क्र. सं.	ऋण खाता सं./ उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ गारंटर का नाम	बंधक सम्पत्ति का पता	मांग सूचना तिथि/ बकाया राशि/ बकाया तिथि
1	**802HLL001135628/ स्व. श्री गौरव डांगी इनके कानूनी वारिस के माध्यम से और सह-उधारकर्ता 1- खूशबु डांगी (मृतक की पत्नी) कानूनी वारिस 2- इशिका डांगी (मृतक की पुत्री) कानूनी वारिस 3- लाभांशी डांगी (मृतक की पुत्री)/ खूशबु डांगी**	संपत्ति का वह पूरा भाग और अंश, उस पर निर्मित संरचना जो आवासीय भूखण्ड पट्टा सं. 54/122, माप 2481.75 वर्गफीट, ग्राम तेली समाज के नाहरे के पास, वार्ड सं. 11, बड़ीसादड़ी, तह.- बड़ीसादड़ी, जिला- चित्तौड़गढ़, राज्य राजस्थान, जिसकी सीमाएं इस प्रकार हैं :- पूर्व- डांगियों की पोल और मांगीलाल तेली का मकान, पश्चिम- तेलियों का नोहरा और मदन भोई का मकान, उत्तर- सामलाती गली 4 फीट और जसवन्त हीरालाल का मकान, दक्षिण- राजमल डांगी का मकान	18-जुलाई-26/ रू. 909638/- दिनांक 18-जुलाई-26 तक
2	**802LAP001054908/ 802HLL001180847/ जोगेन्द्र सिंह/ भंवर सिंह राठौड़/ सम्पत कंवर/ सम्पत कंवर**	पट्टा सं. 27, मौसल सं.- 15/2021-22, का वह पूरा भाग और अंश, भंवर सिंह पुत्र मूल सिंह, पूर्व- गढ की आबादी, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- नन्द सिंह पुत्र मूल सिंह, दक्षिण- विक्रम सिंह पुत्र भैरू सिंह, क्षेत्र- 211.37 वर्गफीट ग्राम पंचायत- डाबला, पंचायत समिति- बनेड़ा जिला- भीलवाड़ा (राज.) जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं : पूर्व- गढ की आबादी पड़त, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- नन्द सिंह/ मूल सिंह, दक्षिण- विक्रम सिंह/ भैरू सिंह	16-जुलाई-26/ रू. 1615059/- (489886+ 1125173)/ दिनांक 14-जुलाई-26 तक
3	**8020HLL001182541/ 802HLL001182553/ लादू लाल बैरवा/ बादाम देवी**	भूमि का वह पूरा भाग और अंश उस पर निर्मित संरचना जो आवासीय भूखण्ड (गैर परिवर्तित) आराजी सं. 590, ग्राम पहुना पटवार हल्का पहुना तह. राशमी जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) में माप 1153.91 वर्गफीट, राज्य राजस्थान। जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व- मोहनलाल बैरवा का मकान, पश्चिम- गीता देवी पत्नी भंवर लाल बैरवा का मकान, उत्तर- स्वयं का बाड़ा व कृषि आराजी, दक्षिण- सीसी सड़क 20 फीट	16-जुलाई-26 रू. 2533609/- (1524720+ 1008889)/ दिनांक 14-जुलाई-26 तक
4	**8020HL001204917/ इन्द्र दास वैष्णव/ पायल देवी**	सम्पति का वह पूरा भाग और अंश पट्टा सं. 103, आराजी सं. 2042, 7050/2045, 6750/2045, राजस्व ग्राम धूनीमाता तहसील घासा, जिला उदयपुर, राजस्थान में स्थित है। माप क्षेत्र 1000.00 वर्गफीट, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं : पूर्व- भूखण्ड सं. 12, पश्चिम- रास्ता 30 फीट, उत्तर- भूखण्ड सं. 07, दक्षिण- भूखण्ड सं. 09	22-जुलाई26 रू. 2182215/- दिनांक 22 जुलाई-26 को

इसलिए आप, उधारकर्ता/ओं और सह-उधारकर्ता/ओं/ गारंटर को इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर उपरोक्त मांगी गई राशि का भुगतान आगे के ब्याज के साथ चुकाने के लिए कहा जाता है, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, ऐसा न करने पर अधोहस्ताक्षरी उपर्युक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होंगे। आपका ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके आधार पर आप उपरोक्त प्रावधान में निर्धारित अवधि के भीतर सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए स्वतंत्र हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त निर्दिष्ट प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

स्थान : राजस्थान
दिनांक : 31.07.2026

टाइगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी

अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

खाटूश्याम महंत एवं विहिप पंजाब प्रांत उपाध्यक्ष पहुंचे श्रीजी दर

नाथद्वारा (प्रात:काल संवाददाता)। प्रसिद्ध तीर्थ खाटू श्याम के महंत व पंजाब प्रांत उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद के गुरुवार को श्रीजी नगरी पहुंचे। विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री विमल ईनाणी ने बताया कि प्रभु श्रीजी के दर्शन करने पहुंचे। उनका न्यू कॉटेज परिसर में विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रसार प्रमुख उमेश सोनी,धर्माचार्य गोपाल जोशी ने खाटू श्याम जी के महंत अंशु शर्मा व विश्व हिंदू परिषद के प्रांत पंजाब के उपाध्यक्ष विजय भाई का स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत उपरांत प्रभु श्रीजी के आरती झाकी के दर्शन किए। दर्शन के बाद श्रीकृष्ण भंडार अधिकारी सुधाकर शास्त्री ने मंदिर परंपरानुसार समाधान किया। दर्शन के पश्चात श्रीराम दरबार बालाजी मंदिर पहुंचे वहां उत्सव में भाग लिया। इस अवसर पर विशेष बैठक आयोजित हुई। इस दौरान प्रखंड मंत्री गोविंद प्रजापत मौजूद रहें।

खेल मैदान की भूमि को विद्यालय के नाम दर्ज कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

कपासन (प्रात:काल संवाददाता)। नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के तत्वावधान में पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन के खेल मैदान की भूमि विद्यालय के नाम दर्ज कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

नगर कांग्रेस कमेटी कपासन के अध्यक्ष एडवोकेट पवन कुमार शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा को ज्ञापन सौंपकर पीएम श्री राजकीय महाराणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन के खेल मैदान की भूमि को विद्यालय के नाम खातेदार दर्ज करने, खेल मैदान की भूमि को खुर्द-बुर्द करने तथा राजस्व अभिलेखों में अनियमितता करने वाले दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय का खेल मैदान वर्षों से हजारों विद्यार्थियों की खेलकूद, शारीरिक शिक्षा, विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यदि सार्वजनिक उपयोग की इस भूमि पर अतिक्रमण, खुर्द-बुर्द अथवा राजस्व अभिलेखों में हेराफेरी की गई है तो यह विद्यार्थियों के हितों पर सीधा प्रहार तथा सार्वजनिक संपत्ति के संरक्षण के प्रति गंभीर लापरवाही है। नगर कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि खेल मैदान की संपूर्ण भूमि को राजस्व अभिलेखों में विद्यालय के नाम खातेदार दर्ज किया जाए, पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाए।



इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव ललित बोरीवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव दिनेश चास्टा, जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रमोद मोदी, जिला उपाध्यक्ष संदीप सोमानी, पूर्व प्रवक्ता पुखराज खाब्या, गोपाललाल सोमानी, प्रकाशचंद्र व्यास, जसवंत जायसवाल श्यामलाल चोटिया, हिम्मत कोदली, पूर्व पार्षद नरेश खटीक, राजीव सोनी, लोकेश राव, रोशनलाल सोनी, सतीश नंदवाना, एससी प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष अनिल मोची, नगर उपाध्यक्ष नंदलाल बारेगामा, चंदन बारेगामा, कांग्रेस जिला सचिव मोहम्मद शेर अंसारी, शंकरलाल जाट, परितोष व्यास, राहुल बारेगामा, भावेश झंवर, पूर्व नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा सेवादल नगर अध्यक्ष भवानी शंकर लोहार, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विजय बारेगामा धर्मेंद्र राजपूत, शिवदत्त छिनीवाल, नगर उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिरोया, हिम्मत कोदली, धीरज गाडपूत, ऋषि व्यास, विनय खटीक, पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी, ललित टांक, अनिकेश सोनवाल, रोहित कोदली, सुनील बारेगामा, अशरफ मंसूरी, सत्यनारायण चोटिया उपस्थित थे।